# प्रेस नोट थाना एम.एम. गेट जनपद आगरा

## थाना एम.एम. गेट पुलिस टीम द्वारा पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे 02 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार...

दिनांक 20.07.2021 को थाना एम.एम. गेट पर तैनात है0का0 1498 की ड्युटी एस.एन. मेडिकल काँलेज चौकी पर लगी थी उपरोक्त है0का0 गश्त करता हुआ एमरजेन्सी के अन्दर कमरा नं0 115 पहुँचा तो मैने देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति इमरजेन्सी में अत्यन्त गम्भीर अवस्था में है, जिसका इलाज डाँक्टरो द्वारा अच्छी तरह से किया जा रहा है। कुछ समय बाद 01.वारिस 02. अरवाज 03. मुन्ना उपरोक्त तीनो व्यक्ति आये, जो अज्ञात घायल व्यक्ति (जिसका नाम इमरान) के रिश्तेदार है, इलाज के दौरान उक्त तीनो व्यक्तियो द्वारा डाँक्टरो के साथ अभद्रता करते हुये, धक्का मुक्की , मारपीट करते हुये, सरकारी चिकित्सालय में तोडफोड करने लगें। इस सम्बन्ध में थाना एम.एम. गेट पर मु0अ0सं0 68/21 धारा 332/353/427/504/506 भा0द0वि0 व धारा 3ए उ0प्र0 चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी व चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था अधि0 2013 पंजीकृत किया गया।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा दिये गये आदेशानुसार उक्त घटना में संलिप्त अभि0गणो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर आगरा के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी एम.एम. गेट को टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रमानुसार दिनांक 21.07.2021 को थाना एम.एम. पुलिस टीम द्वारा वाँछित अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु के.जी. नर्सिंग होम पहुँचे तो मुखबिर खास सूचना दी गयी कि थाने पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 68/21 धारा 332/353/427/504/506 भा0द0वि0 व धारा 3ए उ0प्र0 चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी व चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था अधि0 2013 में वाँछित अभियुक्तगण जिन्होने एस.एन. मेडिकल काँलेज आगरा में मरीज के इलाज को लेकर डाँक्टरो के साथ मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने धमकी व तोडफोड की थी, कही जाने की फिराक में राजामण्डी चौराहा पर खडे है यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किया जा सकता है।

### ➢ पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण:-

पुलिस टीम द्वारा उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये राजामण्डी चौराहा पहुँच कर एक बारगी दविश देकर 02 अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर लिया गया।

## ➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

01. अरवाज पुत्र वाजिद अली निवासी न्यू खबासपुरा नूरानी मस्जिद के पास थाना शाहगंज जनपद आगरा।

02. मुन्ना पुत्र फजल अहमद निवासी न्यू खबासपुरा नूरानी मस्जिद के पास थाना शाहगंज जनपद आगरा।

## ➢ आपराधिक इतिहास का विवरणः-

01. मु0अ0सं0 68/21 धारा 332/353/427/504/506 भा0द0वि0 व धारा 3ए उ0प्र0 चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी व चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था अधि0 2013।

## ➢ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

01. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार अवस्थी थाना एम.एम. गेट जनपद आगरा।

02. वरि0उ0नि0 श्री अनिल कुमार थाना एम.एम. गेट जनपद आगरा।

03. का0 संजीव कुमार , का0 मनीष यादव , का0 हरकेश थाना एम.एम. गेट जनपद आगरा।

**मीडिया सेल जनपद आगरा।**